
धनबाद, बुधवार
25 जुलाई 2018
आसनसोल
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 14

# दैनिक जागरण

www.jagran.com
प. बंगाल, झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश से प्रकाशित



चहल व नदीम इंडिया-ए टीम में, इशान किशन बी टीम में 12
सरकार ने माना, पुलिस से हुई चूक 13



# छात्रों को दी गई आपदा प्रबंधन की जानकारी




दिल्ली पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण देती टीम • जागरण

**जागरण संवाददाता, आसनसोल :** दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल में मंगलवार को उप निरीक्षक शबीर अब्बास के नेतृत्व में राज्य सशस्त्र बल 7वीं बटालियन की 16 सदस्यीय आपदा प्रबंधन टीम ने छात्रों को आपदा प्रबंधन के गुर सिखाए। शबीर अब्बास ने बताया कि किसी दुर्घटना या अप्रिय परिस्थिति में धैर्य के साथ कुछ तकनीक को अपनाकर कैसे स्थिति से निपटा जा सकता है। छात्रों को हार्ट अटैक के समय प्राथमिक चिकित्सा, मुंह से श्वांस और छाती पर दबाव बनाकर रोगी को गंभीर अवस्था से बाहर निकालने, भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए मलबे को काटना, लोहे के सरियों को काटकर निकालना आदि की जानकारी दी गई।